ब्रिटिश लाइब्रेरी के बारे में जानकारी

हम क्या करते हैं?

ब्रिटिश लाइब्रेरी ब्रिटेन की राष्ट्रीय लाइब्रेरी है। हम 250 साल से चीज़ों को जमा कर रहे हैं और हमें ब्रिटेन व आइरलैंड में प्रकाशित हर चीज़ की कापी प्राप्त होती है – इस लिए आप कह सकते हैं कि हम देश की स्मृतियों के बहुत बड़े भाग की देखभाल करते हैं। हम सारे विश्व से महत्वपूर्ण प्रकाशन ख़रीदते भी हैं और हमारे संग्रह में ज्ञात भाषाओं में से अधिकांश हैं।

ब्रिटिश लाइब्रेरी देखने योग्य स्थान है। हमारा St Pancras स्थित भव्य मुख्य कार्यालय समृद्ध और उत्साहमयी स्थान है और सप्ताह के सातों दिन खुलता है। हमारी दुकान, रेस्तोरां और कैफ़े में हर किसी का स्वागत है। वहां प्रदर्शनियां और सजीव समारोह भी हैं, और हमारे संग्रह में से विशेष चीज़ों की गैलरी जो हर दिन खुलती है और कोई फ़ीस नहीं है। अधिक जानकारी के लिए हमारा लीफ़लैट *Exhibitions and Events* या www.bl.uk/onlinegallery/whatson/whatson.html देखें।

हम *Magna Carta*, Nelson Mandela के मुकद्दमे समय के भाषण, Leonardo da Vinci की डायरियां और Beatles की हस्तलिपियों की देखभाल करते हैं। सारे विश्व से लोग ऐतिहासिक दस्तावेज़ों और उत्कृष्ट साहित्यक कृतियों को देखने और हमारे रीडिंग रूम में अनुसंधान योग्य संग्रह का अध्ययन करने आते हैं।

लाइब्रेरी का उपयोग कौन कर सकता है?

हमारी प्रदर्शनियों का आनंद उठाने और पब्लिक समारोहों में भाग लेने के लिए लाइब्रेरी में हर किसी का स्वागत है। परंतु हमारे रीडिंग रूम में संग्रह का उपयोग करने के लिए आपको रीडर पास के लिए रजिस्टर होने की आवश्यकता होगी। कृपया ध्यान दें कि रीडिंग रूम में प्रवेश और पास की अवधि आपकी अनुसंधान की आवश्यकताओं पर निर्भर करती है। हमारी सेवाओं के लिए अधिक मांग होने के

कारण हम प्रवेश की गारंटी नहीं दे सकते हैं और हमारे संग्रह में से विशेष चीज़ों को देखने की आपकी आवश्यकता के आधार पर ही रीडर पास जारी किया जाता है। अन्य लाइब्रेरियां या स्रोत आपके अनुसंधान के लिए अधिक उपयुक्त हो सकते हैं, अतः स्टाफ़ आपको इस बारे में उचित जानकारी देगा।

पास के लिए रजिस्टर होने से पहले मुझे क्या मालूम होना चाहिए?

ब्रिटिश लाइब्रेरी अन्य पब्लिक या यूनिवर्सिटी लाइब्रेरियों से बहुत अलग है:

- रीडिंग रूम के खुले शैल्फ़ों में केवल साधारण संदर्भ ग्रंथ और विज्ञान व वाणिज्य-व्यापार के चालू संग्रह ही उपलब्ध होते हैं।

- लाइब्रेरी की अधिकांश चीज़ों को स्टोर में रखा जाता है। इस बात पर निर्भर कि उन्हें कहां स्टोर किया गया है, चीज़ों को स्टोर से लाकर रीडिंग रूम में उपलब्ध कराने में साधारणतया 70 मिनट (निकटस्थ) और 48+ घंटे (दूरस्थ) के बीच समय लगता है।

- मौके पर मौज़ूद स्टोर में रखी चीज़ों को उसी दिन उपलब्ध करवाने के लिए 16.00 बजे से पहले उनके लिए मांग करने की आवश्यकता है।

- इसे से पहले कि आप रीडर पास के लिए रजिस्टर हों, इस से सहायता मिलती है कि आप पहले लाइब्रेरी की वैबसाइट www.bl.uk पर आनलाइन कैटलाग में तलाश करके विश्वस्त हो जाएं कि आपकी आवश्यकता की सामग्री हमारे पास है; आप जिस चीज़ को देखना चाहते हैं, कृपया याद से उसका ब्योरा अपने साथ लाएं।

- लाइब्रेरी स्टैंडर्ड टैक्सट की पुस्तकों की अनेक प्रतियां नहीं रखती है और साधारणतया यूनिवर्सिटी स्तर के अध्ययन योग्य सामग्री के लिए यह उपयुक्त स्थान नहीं है।

- जब तक कि अन्य लाइब्रेरियों में उपलब्ध न होने के कारण उन्हें विशेष चीज़ों की स्पष्ट आवश्यकता न हो, हम साधारणतया 18 वर्ष से कम आयु के लोगों को प्रवेश नहीं देते हैं। अधिक ब्योरे के लिए www.bl.uk देखें।

- आप हमारे किसी भी रीडिंग रूम में से चीज़ों को उधार नहीं ले सकते हैं।

रीडर पास के लिए रजिस्टर कैसे हों

कंप्यूटर आधारित आवेदन फ़ार्म को भरने के लिए St Pancras के ऊपरी ग्राऊंड फ़्लोर में रीडर रजिस्ट्रेशन में आएं। कोई भी चीज़ें जो आपके आवेदन को समर्थन दे सकती हैं, जैसे कि कारोबारी कार्ड, व्यावसायिक सदस्यता कार्ड या जिन चीज़ों को आप देखना चाहते हैं उनका ब्योरा, इन्हें अपने साथ लाने से सहायता मिलेगी।
आपके लिए अपने हस्ताक्षर वाला पहचान पत्र और घर के पते का प्रमाण लाना भी आवश्यक है।
आपकी आवश्यकतानुसार आपका पास एक महीने से तीन साल तक के लिए जारी हो सकता है। निजी अनुसंधान के लिए, जब तक कि स्पष्ट आवश्यकता न हो, हम साधारणतया एक महीने से अधिक अवधि का पास जारी नहीं करते हैं। रीडर पास लाइब्रेरी उपयोग की शर्तों के अंतर्गत जारी किया जाता है; शर्तों की प्रति रीडर रजिस्ट्रेशन और हमारी वैबसाइट पर उपलब्ध है। आपको ज्ञात होना चाहिए कि यदि आप उपयोग की शर्तों का पालन नहीं करते हैं तो आपके रीडर पास के उपयोग को रोका जा सकता है।

- **पहचान और पते के प्रमाण की शर्तें**
  एक रीडर के रूप में रजिस्टर होने के लिए या रीडर पास के नवीनीकरण या उसकी पुनर्पूर्ति के लिए आप को दो तरह की पचहान बताने की आवश्यकता है; एक जिस पर आपका हस्ताक्षर हो और दूसरी जो आपके घर के पते को प्रमाणित करे। (हमारे लिए इनकी **मूल** दस्तावेज़ देखना आवश्यक है और हम इनकी फ़ोटो कापी, फ़ैक्स, इंटरनैट या ब्रांच में छपी दस्तावेज़ को स्वीकार नहीं करते हैं।)
  कृपया ध्यान दें कि यूटिलिटी बिल, बैंक/बिल्डिंग सोसाइटी स्टेटमैंट, क्रैडिट कार्ड स्टेटमैंट, ब्रिटिश राज्य टैक्स और कस्टम स्टेटमैंट, राजकीय पैंशन बुक, बैनिफ़िट/फ़ैमिली क्रैडिट बुक या वेतन स्लिप **तीन महीने से अधिक पुरानी नहीं हो सकती हैं।**
  हम दोनों प्रकार की पहचान के बिना रीडर पास जारी नहीं कर सकते – इन से छूट नहीं दी जा सकती। हमारी पहचान की शर्तों में परिवर्तन हो सकता है, यदि शंका हो कि कौन से दस्तावेज़ लाने हैं तो कृपया reader-registration@bl.uk से संपर्क करें। पहचान के लिए निम्नलिखित दस्तावेज़ हैं:

आपके घर के पते का प्रमाण। आपको इन में से एक दिखाना आवश्यक है और इस में आपका नाम और पता दर्ज होना चाहिए:	**+**	**आपकी पहचान का प्रमाण (हस्ताक्षर समेत)। आपको इन में से एक दिखाना आवश्यक है और इस पर आप के हस्ताक्षर होना चाहिए:**

यूटिलिटी बिल (जैसे गैस, बिजली, टेलीफ़ोन, पानी) बैंक/बिल्डिंग सोसाइटी स्टेटमैंट (आनलाइन या बैंक की ब्रांच से छपी हुई नहीं) क्रैडिट कार्ड स्टेटमैंट काउंसिल टैक्स बिल/काउंसिल किराया बुक ब्रिटिश राज्य रैवेन्यू और कस्टम स्टेटमैंट राजकीय पैंशन बुक बैनिफ़िट/फ़ैमिली क्रैडिट बुक पासपोर्ट (जिस में जारी करने वाले अधिकारी ने अधिकारिक रूप से पता दर्ज किया है)* राष्ट्रीय पहचान कार्ड जिस में पता दर्ज है * ड्राइविंग लाइसैंस जिस में पता दर्ज है* होम आफ़िस की और से बसने के लिए जारी किया गया परमिट हाल आफ़ रैज़िडैंस के लिए यूनिवर्सिटी प्रमाण पत्र (संस्था की ओर से मोहर और हस्ताक्षर युक्त) टीवी लाइसैंस अग्नि-शस्त्र लाइसैंस घर की बीमा पालिसी वेतन स्लिप (जिस में नियुक्तिकार और कर्मचारी के पते दर्ज हों)		पासपोर्ट* ड्राइविंग लाइसैंस* बैंक कार्ड क्रैडिट कार्ड राष्ट्रीय पहचान कार्ड* पुलिस/कस्टम/होम आफ़िस/वारंट कार्ड समुद्री/हवाई मास्टर कार्ड

* ये दस्तावेज़ केवल पते के प्रमाण **या** पहचान के प्रमाण के रूप में उपयोग की जा सकती हैं। इन्हें दोनों के प्रमाण के लिए उपयोग नहीं किया जा सकता। कृपया ध्यान दें कि कुछ ड्राविंग लाइसैंस और राष्ट्रीय पहचान पत्र में पता दर्ज नहीं होता अतः हम इन दस्तावेज़ों को स्वीकार नहीं कर सकते हैं। कृपया

ध्यान दें कि यदि आवश्यकता हुई तो विदेशी दस्तावेज़ों का अधिकृत अनुवाद उपलब्ध करवाना आपकी ज़िम्मेदारी है।

रीडिंग रूम की शर्तें:

कृपया ध्यान दें कि आपके लिए ब्रिटिश लाइब्रेरी उपयोग की शर्तों का पालन करना आवश्यक है। इन की प्रति रीडर रजिस्ट्रेशन और www.bl.uk से उपलब्ध है।

रीडर रजिस्ट्रेशन के खुलने का समय:

सोम	मंगल	बुध	गुरू	शुक्र	शनि	रविवार और ब्रिटिश सरकारी छुट्टियां
09.30-17.45	09.30-19.45	09.30-17.45	09.30-17.45	09.30-16.15	09.30-16.15	बंद

कृपया दफ़्तर बंद होने से कम से कम 15 मिनट पहले पहुंचें।

St Pancras के रीडर रूम के खुलने का समय:

रीडिंग रूम रविवार और ब्रिटिश सरकारी छुट्टियों को बंद रहते हैं।

	सोम	मंगल	बुध	गुरू	शुक्र	शनि	रविवार और ब्रिटिश सरकारी छुट्टियां
व्यापार और आईपी सैंटर, मानविकी, दुर्लभ पुस्तकें और संगीत, विज्ञान, सामाजिक	10.00 - 20.00	09.30 - 20.00	09.30 - 20.00	09.30 - 20.00	09.30 - 17.00	09.30 - 17.00	बंद

विज्ञान							
एशियाई और अफ़्रीकन अध्ययन, मानचित्र, हस्त-लिपियां	10.00 - 17.00	09.30 - 17.00	09.30 - 17.00	09.30 - 17.00	09.30 - 17.00	09.30 - 17.00	**बंद**

प्रदर्शनी गैलरियां और दुकान के खुलने का समय:

सोम	मंगल	बुध	गुरू	शुक्र	शनि	रविवार और ब्रिटिश सरकारी छुट्टियां
09.30-18.00	09.30-20.00	09.30-18.00	09.30-18.00	09.30-18.00	09.30-17.00	11.00-17.00

सभी समय ब्रिटिश स्थानीय समय के अनुसार।

हम तक कैसे पहुंचा जा सकता है

रेल

निकटतम रेलवे स्टेशन St Pancras International, King’s Cross, King’s Cross Thameslink और Euston हैं। निकटतम अंडरग्राउंड स्टेशन King’s Cross St Pancras, Euston और Euston Square हैं।

बस

10, 30, 73, 91, 390 और 476 बस मार्ग भवन के निकट से गुज़रते हैं।

कार/मोटरबाइक/साइकिल

निकटतम कार पार्क Marchmont Street और Judd Street में और मीटर पार्किंग Ossulton Street में उपलब्ध हैं। साइकिलों के लिए छता हुआ क्षेत्र हमारे Piazza में है।

www.bl.uk
टेलिफ़ोन +44 (0)843 208 1144